


नवभारत
भोपाल, सोमवार 4 मई 2026


# अग्निपीड़ितों को 5-5 हजार रु. की मदद

## आलमखेड़ा गांव में आग से 15 परिवार हो गए बेघर





**सलामतपुर, 3 मई. सांची विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आलमखेड़ा में शनिवार को आगजनी में 15 घर जल गए. ग्रामीणों की फसल, कृषि यंत्र, नकदी और घरेलू सामान भी आग की भेंट चढ़ गया. रविवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने प्रभावित गांव का दौरा किया.**

उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया.विधायक ने तत्काल राहत के तौर पर प्रत्येक पीड़ित परिवार को अपनी विधायक निधि से 5-5 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की. इसके अतिरिक्त, मौके पर ही परिवारों को राशन किट भी वितरित किए गए. इस दौरान एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह और सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी, पशु चिकित्सालय विभाग से डॉ.सृष्टि सिंह भी उपस्थित थे.विधायक ने अधिकारियों को राजस्व नियमों के तहत जल्द से जल्द मुआवजा प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए.डॉ. चौधरी ने कहा कि इस संकट की घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ पूरी तरह खड़ी है.

ग्राम पंचायत उमरिया के आलमखेड़ा गांव में शनिवार शाम तेज आंधी-तूफान के बीच नरवाई की आग भड़क गई.आग गांव में घुस गई.आधा दर्जन से अधिक मकान जलकर खाक हो गए. ट्रैक्टर जल गया.100 क्विंटल से अधिक गेहूं जल गया.कृषि उपकरण जले.घरेलू सामान भी आग की भेंट चढ़ गया.हादसे में 4 से 5 पशुओं की जलने से मौत हो गई.आग बुझाने में जुटे दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों में कई लोग झुलस गए. जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तेज आंधी चली.धूल भरी हवाएं चलने लगीं.

खेतों में पहले से जल रही नरवाई की आग तेज हवा के साथ गांव में पहुंच गई.आग ने विकराल रूप ले लिया. पूरन सिंह, रामचरण, नन्नूलाल, मनोज कुमार समेत आधा दर्जन परिवारों के मकान चपेट में आ गए.सभी प्रभावित परिवार आदिवासी वर्ग के हैं.

### कलेक्टर ने पीड़ितों को दी दिलासा

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे.उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की.उन्होंने हालात का जायजा लिया.उन्होंने प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया.कलेक्टर ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन पूरी तरह प्रभावितों के साथ खड़ा है.

### पूरे गांव में धूल और धुएं का गुबार छाया

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आंधी इतनी तेज थी कि पूरे गांव में धूल और धुएं का गुबार छा गया .लोग एक-दूसरे को पहचान नहीं पा रहे थे .अफरातफरी मच गई . ग्रामीण आग बुझाने दौड़े .तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया .आग बुझाते समय कई ग्रामीणों के हाथ झुलस गए .शरीर के अन्य हिस्से भी झुलसे .गांव में संसाधन कम थे .ग्रामीण एकजुट रहे .वरिष्ठ किसान भी मौके पर पहुंचे .उन्होंने सहयोग किया .काफी मशक्कत के बाद आग नियंत्रित हुई .तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था।

## नई तकनीक से किडनी की सटीक जांच

**भोपाल.** एम्स में अब किडनी से जुड़ी बीमारियों की जांच अधिक सटीक और आसान हो गई है. न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में रीनल डाययूरेटिक स्कैन तकनीक के जरिए मरीजों को सही समय पर सही इलाज मिल रहा है. बता दें यह तकनीक खास तौर पर किडनी की सूजन और मूत्र प्रवाह में रुकावट जैसी समस्याओं की गहराई से जांच करती है. विभागाध्यक्ष डॉ सुरुचि जैन ने बताया कि हाइड्रोनेफ्रोसिस यानी किडनी की सूजन जन्म से भी हो सकती है या पथरी के कारण बाद में विकसित हो सकती है. इस स्थिति में किडनी से मूत्र के बहाव में रुकावट आ जाती है, जिससे किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है. पहले जहां अल्ट्रासाउंड केवल शुरुआती संकेत देता था, वहीं अब रीनल डाययूरेटिक स्कैन से यह साफ पता चल जाता है कि किडनी कितनी काम कर रही है और रुकावट कितनी गंभीर है. इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह तय करने में मदद करती है कि मरीज को ऑपरेशन की जरूरत है या दवा से ही इलाज संभव है.

# 3 .5 किलो का गर्भाशय सफलतापूर्वक निकाला

### रायसेन जिला अस्पताल में हुई जटिल सर्जरी

**रायसेन, 3 मई. रायसेन जिला अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गुप्ता की टीम द्वारा एक जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया. 40 वर्षीय महिला, प्रेम बाई, पिछले एक वर्ष से पेट दर्द, भारीपन और असामान्य गर्भाशय रक्तस्राव से परेशान थीं.**

जांच के दौरान मरीज का हीमोग्लोबिन अत्यंत कम (3.2 ग्राम) पाया गया, जिसके बाद उन्हें 5 यूनिट रक्त चढ़ाया गया.अल्ट्रासाउंड में गर्भाशय में बड़े आकार का फाइब्रॉइड पाया गया, जिससे गर्भाशय का आकार असामान्य रूप से बढ़ गया था.स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने टोटल एब्डॉमिनल हिस्टेरेक्टॉमी का निर्णय लिया.ऑपरेशन के दौरान लगभग 3.5 किलोग्राम वजन का बढ़ा हुआ गर्भाशय सफलतापूर्वक निकाला गया.



इस जटिल सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अनिल ओड का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनकी निगरानी में ऑपरेशन सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुआ.

टीम में डॉ. राजनि चड़ार, डॉ. वदान्या, डॉ. गुरप्रीत, डॉ. मारिया तथा नर्स ममता ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई.डॉ. गुप्ता ने बताया कि समय पर उपचार और उचित प्रबंधन से मरीज की स्थिति अब स्थिर और बेहतर है.यह मामला महिलाओं में लंबे समय तक चलने वाले असामान्य रक्तस्राव को नजरअंदाज न करने की महत्वपूर्ण सीख देता है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 से

**रायसेन,3 मई.** प्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से प्रारंभ हो रही है. माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश-पत्र एमपी ऑनलाइन के पोर्टल www.mpbse.mponline.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं. परीक्षार्थी वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं.

## प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश... मालवी गायन ने मनमोहा

**भोपाल, 3 मई.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर आयोजित गतिविधि 'संभावना' में रविवार को रोशनी भार्वे डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा-सैला नृत्य, संजय महाजन बड़वाहा द्वारा गणगौर नृत्य, लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन, राजकुमार सिंह ठाकुर सागर द्वारा बुन्देली गायन की प्रस्तुति दी गई.

आयोजन में लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन में प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश..., रेसमियो रूमाल बलम...,भेरूजी. गीतों की प्रस्तुति दी गई.

# सफाई मित्रों को दी पीपीई किट

**रायसेन, 3 मई. सफाई कर्मचारियों ( सफाई मित्रों ) की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका के सामुदायिक भवन में पीपीई ( पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट ) किट वितरण शिविर और सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया.**




शिविर में सभी स्वच्छता सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरण की गई. इन शिविरों के माध्यम से उन्हें मशीनीकृत सफाई के लिए प्रोत्साहित किया गया. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव, नोडल अधिकारी चंद्रकेश गढ़पाल स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहड़ एवं सहयोगी संस्था एवीएस कंसल्टेंसी के सदस्य मौजूद थे.

शिविरों में सफाई कर्मियों को दी विशेष रूप से डिजाइन की गई पीपीई किट में मास्क, दस्ताने, फेस शील्ड, गमबूट और जैकेट सुरक्षात्मक कपड़े शामिल हैं.भारत सरकार की 'नमस्ते' योजना के अंतर्गत सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले कर्मचारियों एसएसडब्लूएस को सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए हैं. इन शिविरों में सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच भी करवाई गई है और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है.

# कार पलटने से रायसेन की महिला की मौत

**रायसेन, 3 मई. राजगढ़ के नरसिंहगढ़ में भोपाल-ब्यावरा फोरलेन पर गादिया स्कूल ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह मिट्टी के ढेर से टकराकर एक कार पांच बार पलट गई. हादसे में रायसेन की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.**



यह हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ. नलखेड़ा से लौट रही कार ओवरटेक करते समय सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़कर अनियंत्रित हो गई. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया. मृतका की पहचान रायसेन निवासी मनीषा (32) पत्नी सेवकराम यादव के रूप में हुई है. गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है. इनमें चंद्रेश प्रताप भगवती शर्मा (40) के बाएं हाथ में गंभीर फ्रैक्चर और भीम सिंह प्रजापति (44) के सिर में गंभीर चोट आई है. घायलों में कार ड्राइवर आरक्षक लोकेश नरगेस भी शामिल हैं. अन्य घायलों में सरस्वती प्रजापति (42), कृष्णा प्रजापति (13), हल्के कुशवाहा (80), धन सिंह (76), मुन्नी बाई यादव (65), प्रतिभा यादव (40) और 8 माह का मासूम पार्थ यादव शामिल हैं. सभी घायल रायसेन जिले के हैं.

### ओवरटेक के दौरान हादसा

प्रारंभिक जांच में ओवरटेक के दौरान सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है. लोगों ने आरोप लगाया है कि ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर न तो चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं और न ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसके कारण लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं.

# सिलेंडर महंगा होने से व्यापारियों में चिंता

### व्यापार पर होगा असर

**सिलवानी, 3 मई. एलपीजी संकट के बीच सरकार ने मई माह के पहले ही दिन व्यापार जगत को महंगाई का एक और झटका दे दिया है. 1 मई से कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी की गई है. 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगभग 1000 रुपए की वृद्धि हुई है.**



इस अचानक बढ़ोतरी का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय पर पड़ने की संभावना है. शादी सीजन के दौरान इन व्यवसायों में गैस की खपत पहले से ही अधिक रहती है, ऐसे में कीमतों में वृद्धि ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है.

स्थानीय होटल और रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि पहले से ही एलपीजी की उपलब्धता को लेकर संकट बना हुआ था, और अब दाम बढ़ने से स्थिति और कठिन हो गई है.

उनका कहना है कि यदि यही हाल रहा तो छोटे व्यापारियों के लिए कारोबार चलाना मुश्किल हो जाएगा और कुछ को अपने व्यवसाय बंद करने तक की नौबत आ सकती है.

> शादी-ब्याह के इस व्यस्त सीजन में कमर्शियल सिलेंडरों की खपत तेजी से बढ़ती है. ऐसे में लगभग 1000 रुपए की बढ़ोतरी ने लागत को काफी बढ़ा दिया है. इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा, क्योंकि बाहर खाने-पीने की कीमतों में इजाफा होना तय माना जा रहा है .व्यापारियों ने सरकार से इस बढ़ोतरी पर पुनर्विचार करने और राहत देने की मांग की है, ताकि व्यवसाय और आम जनता दोनों को राहत मिल सके.



# जलसंकट का समाधान

**सिलवानी, 3 मई. नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक के अथक प्रयासों से वार्ड क्रमांक 1, आमपानी टोला में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या का समाधान हो गया है. इस क्षेत्र के निवासी वर्षों से पानी की कमी से जूझ रहे थे, विशेषकर गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जब वार्ड में लगे ट्यूबवेल सूख जाते थे.**

प्रदेश सरकार की जलावर्धन योजना के अंतर्गत अब इस क्षेत्र में जल सप्लाई लाइन शुरू कर दी गई है. इस योजना के तहत नगर परिषद सिलवानी द्वारा लगभग 50 परिवारों को 20 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे लोगों को घर-घर पानी की सुविधा मिल रही है. जल सप्लाई का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा नेता विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, बाबू ठाकुर और लखन मेहरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. लोगों ने जल आपूर्ति शुरू होने पर खुशी जताई और नप का आभार व्यक्त किया.




# प्रगणक और सहायक का हुआ सम्मान

### मकान गणना पूर्ण की

**बेगमगंज, 3 मई. नगरीय क्षेत्र के प्रभारी राजेंद्र शर्मा एवं एसडीएम सौरभ मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर के सभी वार्डों में तेजी अब गणना का काम चल रहा है. तेजी से कार्य संपादित करने वाले प्रगणक अमिता श्रीवास्तव एवं सहायक संतोष साहू ने एचएलबी 20 के 168 जनगणना मकानों की गिनती रविवार को पूर्ण कर ली.**

एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा नगर चार्ज अधिकारी सीएमओ राजेंद्र शर्मा के अथक प्रयास से दो दिन में एक महिला प्रगणक द्वारा कार्य पूर्ण कर लिए जाने पर सीएमओ शर्मा को सम्मानित किया गया.

एसडीएम सौरभ मिश्रा का कहना है कि दो दिन में एक महिला गणक द्वारा काम पूरा किए जाने का यह संदेश गणना में लगी अन्य सभी महिलाओं एवं पुरुष प्रगणक को गया कि अगर ठान लें तो कोई काम मुश्किल नहीं है.

नगर प्रभारी चार्ज अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की मंशा है कि हमारा जिला मप्र में फिर से प्रथम आए तो सभी की कामयाबी होगी. उसी कड़ी में नगर ने कदम आगे बढ़ाया है. हमारा संकल्प है कि हमारा जिला प्रथम रहे.

### अनुकरणीय पहल

21 हजार रुपए कामधेनु समिति और 21 हजार रुपए मंदिर के लिए दान दिए

# शादी में गायों के लिए भंडारा, गौ संरक्षण का दिया संदेश

**बेगमगंज, 3 मई. एक ओर जहां शादियों में दिखावा और खर्च की होड़ देखने को मिलती है, वहीं 24 वर्षीय कमल किशोर संस्कार पिता जुगलकिशोर देवलिया ने अपनी शादी को समाज के लिए एक अनुकरणीय संदेश में बदल दिया.**



विवाह समारोह में गायों के लिए अलग से छप्पन प्रकार के व्यजंनों के भंडारे का आयोजन किया और 21 हजार रुपए गौ ग्रास समाजसेवी कामधेनु सेवा समिति, 21 हजार रुपए पाराशरी हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार के लिए और 5100 रुपए कैंसर पीड़ितों के लिए दान दिए.

विवाह स्थल पर बारात और मेहमानों के साथ-साथ गायों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी. गायों को मक्का, आटा और छप्पन प्रकार के व्यंजन से भोग लगाया और हरा चारा खिलाया. सात फेरे लेने से पहले दूल्हा कमल किशोर संस्कार देवलिया और जागृति ने गौ माता की पूजा-अर्चना की और उन्हें गोग्रास खिलाया.

इस अनूठी पहल की पूरे नगर में सराहना हो रही है. यह परंपरा गौ भक्त आयुष की शादी समारोह से शुरुआत हुई थी, जबसे यह धीरे-धीरे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ती जा रही है. कमल किशोर संस्कार देवलिया के पिता जुगलकिशोर देवलिया समाजसेवा और गौ माता के उत्थान के लिए पहल करते रहते है.

## पिता का मृत्यु पर गौवंश को कराया भोज

बेगमगंज तहसील के ग्राम डिमरोली में रविवार एक अनोखी ओर आदर्श मिसाल देखने को मिली. जिसकी सभी ओर प्रशंसा की जा रही है. पूर्व सरपंच संतोष यादव के बड़े भाई एवं राहुल यादव के पिता लखन लाल यादव के निधन पर परिवार ने मृत्युभोज के दिन लोगों को भोज नहीं कराया बल्कि उनके स्थान पर गौ भोज रखा गया और सैकड़ों पशुओं को भोज कराया. इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में स्व.लखन लाल यादव को सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. नगर सहित तहसील भर से आए वरिष्ठजनों , जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा इस पहल की सराहना की और सर्व समाज द्वारा परिवार का सम्मान किया.

# उमा भारती के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**बेगमगंज, 3 मई. सिविल अस्पताल में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के जन्मदिवस के अवसर पर उमा भारती फैंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर के संयोजक सत्यम सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया.आयोजन में जनपद सदस्य साधना यशवंत लोधी की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने व्यवस्थाओं का जिम्मा संभालते हुए लोगों को प्रेरित किया. इस दौरान एसडीएम सौरभ मिश्रा भी सिविल अस्पताल पहुंचे. उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है.बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे शिविर को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया.इस अवसर पर डॉ. राकेश भार्गव, डॉ. जितेंद्र तोमर सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे..शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे.